भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
मौखिक प्रश्न सं. 207
गुरूवार, 04 अगस्त, 2022/13 श्रावण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पंजाब में नए पर्यटन स्थल**

**207. डा. अशोक कुमार मित्तलः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार ने पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए पर्यटन स्थलों के विस्तार, सौंदर्यीकरण और स्तरोन्नयन हेतु देश में नए पर्यटन स्थलों की पहचान की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान ऐसे कौन से स्थान हैं जहाँ नए पर्यटन स्थल विकसित किए गए हैं, और इन पर पंजाब सहित राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ग) सरकार द्वारा पंजाब में मौजूदा और प्रस्तावित नए पर्यटन स्थलों में संपर्क और अन्य सुविधाओं में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(घ) क्या सरकार देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा पर्यटन स्थलों के साथ-साथ इन नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने का विचार रखती है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

पंजाब में नए पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 04.08.2022 के राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 207 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (घ) : नए पर्यटक स्थलों की पहचान और शुरूआत मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन संबंधी अवसरंचना के विकास और आगंतुकों को सुखद पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत पंजाब राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है । इसके अतिरिक्त आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए पंजाब राज्य सहित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है ।

पर्यटन मंत्रालय अधिकाधिक पर्यटकों को आकर्षित करने और रोजगार के सृजन के लिए अपने मीडिया अभियानों, वेबसाइटों, रोडशोज़, सोशल मीडिया संवर्धन और देखो अपना देश पहल के माध्यम से अल्प ज्ञात गंतव्यों सहित देश के सभी पर्यटक स्थलों का संवर्धन करता है ।

'स्वदेश दर्शन', 'प्रशाद' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के साथ-साथ पंजाब सहित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को डीपीपीएच योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए प्रदत्त वित्तीय सहायता का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और भारत आने के लिए तथा देश के भीतर पहुंच को बेहतर बनाने पर समुचित ध्यान केंद्रित कर रहा है । 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) तथा स्वदेश दर्शन योजनाओं का लक्ष्य अवसरंचना विकास है जिसमें पर्यटन से स्थानीय समुदायों के लिए सामाजिक-आर्थिक लाभ की पहुंच हेतु अधिकतम पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गंतव्य प्रवेश बिंदुओं यथा पैसेंजर टर्मिनलों (सड़क, रेल और जल परिवहन) का विकास/उन्नयन, पर्यटन सूचना/इंटरप्रिटेशन सेंटर जैसी मूलभूत सुविधाएं, पर्यटन कार्यकलापों के लिए उपकरण, स्मारिका दुकानें/कैफेटेरिया, एटीएम/मुद्रा विनिमय काउंटर, अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी में सुधार आदि शामिल है ।

पंजाब सहित देश की आम जनता के लिए हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने के लिए नागर विमानन मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना – उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) की शुरूआत की गई थी । पर्यटन मंत्रालय पर्यटन रूटों को शामिल किए जाने और हवाई कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए अपना सहयोग एवं सिफारिशें देता रहा है । पर्यटन मंत्रालय अभिज्ञात किए गए 46 पर्यटन रूटों के लिए आरसीएस-उड़ान 3.0 को सहयोग दे रहा है । इन रूटों में से 31 रूट प्रचालनरत हैं । पंजाब तक हवाई कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए अमृतसर से जयपुर, कोलकाता और पटना के लिए 6 पर्यटन रूट प्रचालनरत हैं ।

पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) महत्वपूर्ण पर्यटक गंतव्यों तक सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) का सहयोग लेता रहा है । इस संबंध में पर्यटन मंत्रालय ने राज्य सरकारों तथा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से दो सूचियां तैयार की थीं

यथा 50 गंतव्यों की पहली सूची और 114 गंतव्यों की दूसरी सूची । ये दोनों सूचियां एमओआरटीएच के साथ साझा की गई थी ।

बेहतर रेल कनेक्टिविटी के लिए पर्यटन मंत्रालय ने यह मामला रेल मंत्रालय के समक्ष भी उठाया है । रेल मंत्रालय ने सूचित किया है कि रामायण परिपथ, ज्योतिर्लिंग परिपथ, बौद्ध परिपथ आदि जैसे थीम आधारित पर्यटन परिपथों पर 'भारत दर्शन ट्रेनें' चलती हैं । इसके अतिरिक्त रेलवे ने यह भी सूचित किया है कि उन्होंने भारत की समृद्ध प्राकृतिक विरासत और भव्य ऐतिहासिक स्थानों को दर्शाने के लिए 'भारत गौरव ट्रेनों (थीम आधारित पर्यटक परिपथ ट्रेनें) की शुरूआत की है । इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने ''पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता'' कार्यक्रम के तहत 50:50 के अनुपात में लागत वहन आधार पर 22 चिह्नित रेलवे स्टेशनों में पर्यटक अवसंरचना सुविधाओं के विकास हेतु रेल मंत्रालय के साथ साझेदारी की है । इन 22 रेलवे स्टेशनों की सूची में अमृतसर रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं ।

*****

**अनुबंध**

पंजाब में नए पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 04.08.2022 के राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 207 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना** (**करोड़ रु. में**)

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ क्षेत्र** | **परिपथ का नाम** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष वर्ष **2014-15** | | | | | |
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर - पूर्वी परिपथ | भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 | 47.28 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन अभ्यारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यनम-कोटिपल्ली का विकास | 67.84 | 67.84 |
| | | | **2014-15** का योग | **117.61** | **115.12** |
| वर्ष **2015-16** | | | | | |
| 3. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ | मणिपुर में पर्यटक परिपथ का विकास: इम्फाल-खोंगजोम | 72.23 | 61.32 |
| 4. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ | रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग- अरितर- फड़मचेन-नथांग-शेरथांग-त्सोंगमो- गंगटोक- फोडोंग-मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन - थांगु-गुरूडोंगमर- मंगन-गंगटोक-टुमिनलिंगी-सिंगटम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 98.05 | 92.77 |
| 5. | उत्तराखंड | इको परिपथ | टिहरी-चंबा- टिहरी झील के आसपास सैरन का विकास | 69.17 | 65.71 |
| 6. | राजस्थान | मरूस्थल परिपथ | सांभर लेक टाऊन और अन्य स्थानों का विकास | 50.01 | 51.17 |
| 7. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | पेरेन-कोहिमा- वोखा में जनजातीय परिपथ का विकास | 97.36 | 92.49 |
| 8. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ | पन्ना - मुकुंदपुर -संजय-डुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास । | 92.10 | 81.15 |
| 9. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ | नेल्लोर, पुलिकट झील, उब्बलामादुगु जलप्रपात, नेलपट्टु कोथाकोडुरू, मायपाडू -रामातीर्थम-ईस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 47.76 |
| 10. | तेलंगाना | इको परिपथ | महबूबनगर जिले में ईको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 | 87.04 |
| 11. | केरल | इको परिपथ | पथनमथिट्टा - गावी-वागमोन- थेक्कडी का विकास | 76.55 | 61.24 |
| 12. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी | थेंजावाल और दक्षिण ज़ोट, जिला सेरछिप तथा | 92.26 | 87.65 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ | रईक का विकास | | |
| 13. | असम | वन्यजीव परिपथ | मानस-प्रोबितोरा-नामेरी-काज़ीरंगा-डिब्रू-सेखोवा का विकास | 94.68 | 89.94 |
| 14. | पुड्डुचेरी | तटीय परिपथ | डुबरयापेट, अरिकामेडु वीरमपट्टिनम, चुनांबर, नल्लवाडू नारामबाई, मानापेट, कालापेट, पुडुचेरी - यनम का विकास | 58.44 | 61.82 |
| 15. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ | नफरा,सेप्पा,पप्पू, पासा, पक्के घाटी, सांगडुपोटा न्यू सागली, जीरो, योमचा का विकास | 96.72 | 91.88 |
| 16. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ | अगरतला-सिपाहीजला-मेलाघर-उदयपुर-अमरपुर- तीर्थमुख- मंदिर घाट- दुंबूर-नारिकेलकुंजा- गंडचारा-अंबासा का विकास | 82.85 | 71.87 |
| 17. | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ | उदयपुर- दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमिण-फ्रेजरगंज-बक्खलाई- हेनरीआईलैंड: तटीय परिपथ का विकास | 67.99 | 68.31 |
| 18. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ | जशपुर–कुंकुरी-मैनपत-कमलेशपुर-महेशपुर-कुर्दार-सरोदादार-गंगरेल-कोंडागांव-नाथियानवगाँव-जगदलपुर-चित्रकूट-तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 | 84.81 |
| 19. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभाव का विकास। | 19.06 | 18.11 |
| | | | **2015-16 का योग** | **1304.74** | **1215.04** |
| वर्ष **2016-17** | | | | | |
| 20. | गोवा | तटीय परिपथ | सिंक्वेरिम-बागा, अंजुना-वेगेटर, मोरजिम- केरी, अगौदा किला और अगौदा जेल का विकास । | 97.65 | 92.76 |
| 21. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू-श्रीनगर-पहलगाम-भगवती नगर-अनंतनाग-सलामाबाद उरी-कारगिल-लेह का विकास | 77.33 | 60.47 |
| 22. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ | मुलुगु- लकनावरम- मेदावरम- तड़वई-दमारावी- मल्लूर- बोगाथा झरने का विकास | 79.87 | 75.88 |
| 23. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ | उमियाम (लेक व्यू), यूलुम सोहपेटबनेंग – मवडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 | 94.14 |
| 24. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ | सांची-सतना-रीवा -मंदसौर-धार का विकास | 74.02 | 69.08 |
| 25. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | सबरीमाला - एरुमेली-पंपा-सन्नीधानम का विकास | 106.42 | 20.00 |
| 26. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ | श्री गोविन्दजी मंदिर**,** श्री बिजयगोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशिबोदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.33 | 43.04 |
| 27. | गुजरात | विरासत परिपथ | अहमदाबाद - राजकोट-पोरबंदर-बारडोली-दांडी का विकास | 58.42 | 56.21 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 28. | हरियाणा | कृष्णा परिपथ | कुरूक्षेत्र में महाभारत से सम्बन्धित स्थानों की पर्यटन अवसंरचनाओं का विकास | 70.91 | 77.88 |
| 29. | राजस्थान | कृष्णा परिपथ | गोविंद देवजी मंदिर (जयपुर), खाटूश्यामजी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | 75.80 | 70.29 |
| 30. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ | सिंगटम-माका-तेमी-बरमोइक टोकेल-फोंगिया-नामची-जोरथांग-ओखरे-सोमबरिया-दारमदीन- जोरथांग मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 | 85.18 |
| 31. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ | ग्वालियर-ओरछा -खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु का विकास | 89.82 | 85.33 |
| 32. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | श्री पद्मनाभ मन्दिर, अर्नामुला- का विकास | 78.08 | 73.77 |
| 33. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ | वैशाली-आरा- मसाद-पटना- राजगीर-पावापुरी- चंपापुरी का विकास | 34.21 | 26.19 |
| 34. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | कांवड़िया मार्ग: सुल्तानगंज- धर्मशाला–देवघर का विकास | 44.76 | 42.52 |
| 35. | ओडिशा | तटीय परिपथ | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास। | 70.82 | 63.56 |
| 36. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | मोकोकचुंग - तुएनसांग-मोन का विकास | 98.14 | 93.24 |
| 37. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ | कुमाऊँ क्षेत्र-कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ-देवीधुरा का विकास | 76.32 | 67.62 |
| 38. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 83.51 | 67.35 |
| 39. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | पर्यटक सुविधाओं का विकास- पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसम्पत्तियों के बदले में परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 | 74.70 |
| 40. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | मंतलाई और सुधामहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 90.85 | 84.56 |
| 41. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | अनंतनाग-पुलवामा-किश्वर-पहलगाम- जंसकर पेडम- दाकसुम – रणजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 | 69.95 |
| 42. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | गुलमर्ग-बारामूला -कुपवाड़ा-कारगिल लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 | 73.45 |
| 43. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 | 72.56 |
| 44. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | 64.09 |
| 45. | अंडमान और निकोबार द्वीप | तटीय परिपथ | लांग आईलैंड-रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप-हैवलॉक द्वीप-बरटांग द्वीप-पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 | 20.89 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 46. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ | चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम- मानपाडु कन्याकुमारी का विकास | 73.13 | 69.48 |
| 47. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिकपरिपथ | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-(उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशाम्बी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डूमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आज़मगढ़-कैराना- बागपत-शाहजहांपुर का विकास | 71.91 | 68.32 |
| 48. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक–II परिपथ | बिजनौर-मेरठ- कानपुर- कानपुर देहात- बांदा गाज़ीपुर-सलेमपुर -घोसी-बलिया- अंबेडकर नगर- अलीगढ़- फतेहपुर- देवरिया- महोबा-सोनभद्र-चंदौली- मिश्रीख- भदोही का विकास | 67.51 | 64.14 |
| 49. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ | कालिंजर किले (बांदा) – मगहर धाम (संतकबीर नगर) -चौरीचौरा, शहीदस्थल (फतेहपुर)– मावाहर शहीद स्थल (घोसी) –शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 33.97 | 32.27 |
| 50. | बिहार | बौद्ध परिपथ | बौद्ध परिपथ का विकास-बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 98.73 | 93.22 |
| 51. | असम | विरासत परिपथ | तेजपुर - माजुली -शिवसागर का विकास | 90.98 | 86.42 |
| 52. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ | हिमालयन परिपथः कियारीघाट, शिमला, हतकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीड, पालमपुर, चंबा का विकास | 77.43 | 64.55 |
| 53. | मिजोरम | इको परिपथ | आइज़ावल -रापुईछिप -खावहपहवप- लेंगपुई -डर्टलैंग -चेतलांग- साकावरमुइतइतलांग-मूथी -बेरातलवंग -तुइरियल एयरफ़ील्ड-हमुईफांग इको- एडवेंचर परिपथ का विकास | 66.37 | 49.53 |
| 54. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ | चूरू (सालासरबालाजी) - जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घाट के बालाजी, बांधे के बालाजी) - विराटनगर (बिजक, जौन्नासिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंद)- मेहंदीपुर बालाजी- चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 | 68.24 |
| 55. | गुजरात | विरासत परिपथ | वडनगर और मोढेरा का विकास। | 91.12 | 87.25 |
| | | | **2016-17 का योग** | **2758.48** | **2408.13** |
| **वर्ष 2017-18** | | | | | |
| 56. | बिहार | ग्रामीण परिपथ | भितिहरवा- चंद्रहिया- तुरकौलिया का विकास | 44.65 | 35.72 |
| 57. | गोवा | तटीय परिपथ | तटीय परिपथ-II का विकास: रूआ डी ओरम क्रीक - डॉन पौला -कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 | 94.38 |
| 58. | गुजरात | बौद्ध परिपथ | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ-भावनगर- राजकोट- मेहसाणा का विकास | 26.68 | 22.28 |
| 59. | पुडुचेरी | विरासत परिपथ | फ्रेंको-तमिल विलेज- कराईकल- माहे और यनम का विकास | 54.91 | 43.93 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 60. | पुडुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ | थिरूकंच कराईकल - यनम और पुडुचेरी का विकास | 34.96 | 30.94 |
| 61. | राजस्थान | विरासत परिपथ | राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर और नाहरगढ़ किले में सामने का प्रदीप्तिकरण)- झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) जैसलमेर (जैसलमेर किला) हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी)- उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र)-धौलपुर (बाग-ए-निलोफ़र और पुरानी छावनी) - नागौर (मीराबाई स्मारक मेड़ता) टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | 70.61 | 56.57 |
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ | कुतुब शाही हेरिटेज पार्क- पैगाह मकबरे -हयात बख्शी मस्जिद -रेमंड का मकबरा का विकास | 96.90 | 70.61 |
| 63. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास । | 44.55 | 40.85 |
| 64. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ाघाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास | 94.61 | 88.58 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | अयोध्या का विकास। | 127.21 | 115.46 |
| 66. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ | शालीहुंडम-बावीकोंडा-बोज्जानाकोडा अमरावती- अनुपु का विकास | 24.14 | 26.17 |
| | | | **2017-18 का योग** | **718.57** | **625.49** |
| **वर्ष 2018-19** | | | | | |
| 67. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ | वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- परादसिंघा- छोटा ताजबाग- तेलनखंडी- गिराड़ का विकास | 47.53 | 24.00 |
| 68. | -- | मार्गस्थ सुविधाएं (उप-योजना) | उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी- गया; -कुशीनगर; कुशीनगर-गया- कुशीनगर में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 15.07 | 12.29 |
| 69. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | जेवर-दादरी-सिकंद्राबाद -नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास। | 12.03 | 9.63 |
| 70. | झारखंड | इको परिपथ | दलमा – बेतला - राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया- नेतरहाट का विकास | 34.12 | 26.37 |
| 71. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ | सूरमा चेर्रा - उनाकोटी- जम्पुई हिल्स- गुनाबाती-भुनानेश्वरी-नीरमहल- बॉक्सानगर- चोट्टाखोला- पिलक- अवंगचारा का विकास | 50.38 | 10.10 |
| 72. | पंजाब | विरासत परिपथ | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फ़िरोज़पुर - अमृतसर - खटकरकलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 90.05 | 61.89 |
| 73. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | शिवगिरी श्रीनारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्रीसुब्रह्मणिया- चेंबाझान्थी श्रीनारायण गुरुकुलम का विकास | 69.47 | 3.88 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 74. | केरल | ग्रामीण परिपथ | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 80.37 | 23.77 |
| 75. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ | पश्चिम खासी पहाड़ियों (नोंगख्लाव- क्रेमटिरोट-खुडोई और कोहमांगफॉल्स - खारी नदी-मवथाद्रैशान, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांगसुरी फॉल्स- शयिरमांग –लूकसी), गारो हिल्स (नोक्रेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 | 50.98 |
| 76. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) और वटवासिनी मंदिर (डोमरियागंज) का विकास | 15.76 | 12.61 |
| | | | **2018-19 का योग** | **499.75** | **235.52** |
| **कुल योग** | | | | **5399.15** | **4599.3** |

**प्रशाद योजना** **(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना की संख्या | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1 | पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 |
| | | 2 | श्रीसैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 3 | लोहित जिले में परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 | 7.34 |
| 3. | असम | 4 | गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर और इसके आस-पास तीर्थ गंतव्य का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 |
| 4. | बिहार | 5 | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 4.27 | 2.91 |
| | | 6 | पटना साहिब का विकास | 2015-16 | 41.54 | 33.23 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 7 | मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगांव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 | 21.45 |
| 6. | गुजरात | 8 | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 | 10.46 |
| | | 9 | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाएं | 2016- | 45.36 | 45.36 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 17 | | |
| | | 10 | प्रशाद योजना के अन्तर्गत सोमनाथ में प्रोमिनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 | 44.76 |
| | | 11 | सोमनाथ, गुजरात में क्यू मैनेजमेंट कॉम्प्लेक्स के साथ तीर्थयात्रा प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 10.03.22 |
| 7. | हरियाणा | 12 | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 | 28.77 |
| 8. | जम्मू और कश्मीर | 13 | हजरतबल का विकास | 2016-17 | 40.46 | 32.37 |
| 9. | झारखंड | 14 | वैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 | 31.23 |
| 10. | केरल | 15 | गुरूवायुर मंदिर का विकास | 2016-17 | 46.14 | 36.91 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 16 | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 44.83 | 35.87 |
| | | 17 | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 4.86 |
| 12. | महाराष्ट्र | 18 | त्रिम्बकेश्वर का विकास | 2017-18 | 52.92 | 24.23 |
| 13. | मेघालय | 19 | मेघालय में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.32 | 8.80 |
| 14. | नागालैंड | 20 | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 | 20.06 |
| 15. | ओडिशा | 21 | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथधाम - रामचंडी देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 |
| 16. | पंजाब | 22 | अमृतसर में करूणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 |
| | | 23 | रोपड़ पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 10.03.22 |
| 17. | राजस्थान | 24 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 |
| 18. | सिक्किम | 25 | युकसोम में चार संरक्षक संतों पर तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 18.50 |
| 19. | तमिलनाडु | 26 | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| | | 27 | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |
| 20. | तेलंगाना | 28 | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 | 10.27 |
| 21. | त्रिपुरा | 29 | त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.80 | 18.42 |
| 22. | उत्तराखंड | 30 | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | 34.77 |
| | | 31 | प्रशाद योजना के तहत बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखण्ड) में तीर्थयात्रा सुविधा हेतु अवसंरचना विकास | 2018-19 | 56.13 | 20.79 |
| | | 32 | प्रशाद योजना के तहत गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं का संवर्द्धन | 2021-22 | 54.36 | 14.06 |
| 23. | उत्तर प्रदेश | 33 | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 14.93 | 10.38 |
| | | 34 | वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण** | 2014-15 | 9.36 | 9.36 |
| | | 35 | वाराणसी का विकास – चरण-I | 2014-15 | 20.40 | 16.32 |
| | | 36 | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2015-16 | 10.72 | 8.57 |
| | | 37 | प्रशाद योजना – चरण II के अन्तर्गत वाराणसी का विकास | 2017-18 | 44.60 | 31.77 |
| | | 38 | गोवर्धन, मथुरा उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 | 30.97 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24. | पश्चिम बंगाल | 39 | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 |
| | | | **कुल** | | **1323.16** | **798.19** |

**पर्यटन अवसंरचना विकास योजना के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता**

**(करोड़ रुपये में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **परियोजनाओं का नाम** | **केंद्रीय एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2014-15** | | | | | |
| 1. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों का प्रदीप्तीकरण (सारनाथ में धमेख स्तूप सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकान का मकबरा और बनारस में मन महल) | आईटीडीसी | 5.12 | 3.81 |
| 2. | दमन एवं दीव | दीव किला,दीव में ध्वनि और प्रकाश शो | आईटीडीसी | 7.76 | 6.20 |
| 3. | गोवा | मार्मुगोवा पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज टर्मिनल बिल्डिंग | मार्मुगोवा पोर्ट ट्रस्ट | 8.79 | 7.67 |
| 4. | राजस्थान | अजमेर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 5.52 | 5.52 |
| 5. | राजस्थान | जयपुर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.88 | 3.90 |
| 6. | विभिन्न राज्य | कोंकण रेलवे के लिए ग्लास टॉप कोच का निर्माण<br>• काजीगुंड और बारामूला, जम्मू और कश्मीर<br>• विजाग-अराकू घाटी विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश<br>• दादर-मडगांव मार्ग (मुंबई से गोवा) | रेल मंत्रालय | 12.00 | 12.00 |
| **वर्ष 2015-16 - कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है** | | | | | |
| **वर्ष 2016-17** | | | | | |
| 7. | केरल | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल पर वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 9.01 | 8.27 |
| 8. | केरल | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 21.41 | 19.13 |
| 9. | महाराष्ट्र | पर्यटन स्थल के रूप में कान्होजी आंग्रे लाइटहाउस को विकसित करने के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 15.00 | 15.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10. | केरल | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई तिरुवनंतपुरम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | भारतीय खेल प्राधिकरण | 24.65 | 12.32 |
| 11. | तेलंगाना | हैदराबाद रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.41 | 3.52 |
| 12. | महाराष्ट्र | नांदेड़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 5.18 | 2.59 |
| 13. | आंध्र प्रदेश | तिरुपति रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 5.75 | 4.59 |
| 14. | कर्नाटक | होसपेट रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 5.41 | 4.32 |
| 15. | ओडीसा | पुरी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 6.15 | 6.15 |
| **वर्ष 2017-18** | | | | | |
| 16. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों पर रोशनी<br>1. दशाश्वमेध घाट से दरबंगा घाट (300 मीटर का फैलाव)<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | केंद्रीय लोक निर्माण विभाग | 2.94 | 2.94 |
| 17. | पंजाब | जेसीपी अटारी में अवसंरचना विकास के लिए परियोजना | बीएसएफ | 13.12 | 10.30 |
| 18. | हरियाणा | यादवेंद्र गार्डन, पिंजौर में ध्वनि और प्रकाश शो | आईटीडीसी | 6.00 | 3.00 |
| 19. | आंध्र प्रदेश | पुट्टपर्थी, आंध्र प्रदेश में साउंड एंड लाइट शो | आईटीडीसी | 7.09 | 3.54 |
| 20. | दिल्ली | पुराना किला, नई दिल्ली में ध्वनि और प्रकाश शो | आईटीडीसी | 14.04 | 6.85 |
| 21. | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण। | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 12.50 | 12.50 |
| 22. | तमिलनाडु | रामेश्वरम रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.70 | 3.76 |
| 23. | महाराष्ट्र | औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 5.71 | 2.85 |
| 24. | पश्चिम बंगाल | रामपुर हाट रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 3.48 | 1.74 |
| 25. | पश्चिम बंगाल | तारकेश्वर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 3.87 | 1.93 |
| 26. | गोवा | मडगांव, थिविम और करमाली रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड को केंद्रीय वित्तीय सहायता | रेल मंत्रालय | 25.00 | 20.00 |
| **वर्ष 2018-19** | | | | | |
| 27. | गोवा | मोरमोगाओ में आव्रजन सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 13.16 | 6.58 |
| 28. | केरल | कोचीन पोर्ट क्रूज टर्मिनल में अवसंरचना का विकास करना। | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1.21 | 0.97 |
| 29. | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 4.66 | 4.66 |
| 30. | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम पोर्ट के बाहरी पोर्ट में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 38.50 | 19.25 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | निर्माण | | | |
| 31. | पंजाब | अमृतसर, पंजाब में जलियांवाला बाग स्मारक का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण | 23.02 | 21.97 |
| 32. | तमिलनाडु | मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.48 | 3.56 |
| 33. | असम | कामाख्या रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.96 | 4.02 |
| 34. | असम | गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.99 | 4.34 |
| **वर्ष 2019-20** | | | | | |
| 35. | दिल्ली | राष्ट्रीय संग्रहालय की चयनित सुविधाओं के विकास और नवीनीकरण के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) | 43.73 | 21.86 |
| 36. | दिल्ली | राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय भवन के प्रदीप्तीकरण के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता-2019-20 | राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) | 3.80 | 1.90 |
| 37. | केरल | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 10.30 | 8.23 |
| 38. | उत्तर प्रदेश (वाराणसी एवं इलाहाबाद-I, इलाहाबाद-II), बिहार (भागलपुर), पश्चिम बंगाल (कोलकाता) और असम (नेमाती, पांडु, जोगी घोपा और विश्वनाथ घाट) | राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर नदी क्रूज के तटबंध के नौ मुख्य स्थलों पर आरोहण/अवरोहण के विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | आईडब्ल्यूए आई | 28.03 | 7.01 |
| 39. | पश्चिम बंगाल | न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.55 | 2.27 |
| 40. | राजस्थान | चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.99 | 2.50 |
| **वर्ष 2020-21** | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 41. | मध्य प्रदेश | आईटीडीसी द्वारा बेलताल झील, दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना विकास। | आईटीडीसी | 23.16 | 10.08 |
| 42. | लेह और लद्दाख | लेह, लद्दाख में साउंड एंड लाइट शो और पर्यटक सुविधा केंद्र, कारगिल, लद्दाख में वाटर स्क्रीन प्रोजेक्शन मल्टीमीडिया शो | आईटीडीसी | 23.22 | 5.16 |
| 43. | दिल्ली | विजुअल 3डी राष्ट्रीय आधुनिक कला गेलरी प्रोजेक्शन मैपिंग | एनजीएमए | 6.17 | 3.08 |
| 44. | मिजोरम | आइजोल, मिजोरम में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना विकास | वैपकोस | 39.95 | 15.71 |
| 45. | हरियाणा | कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 3.02 | 1.51 |
| **वर्ष 2021-22** | | | | | |
| 46. | गोवा | मार्मुगोवा पोर्ट ट्रस्ट (गोवा) में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रूज टर्मिनल और संबद्ध सुविधाओं के विकास के लिए मार्मुगोवा पोर्ट ट्रस्ट (गोवा) | मार्मुगोवा पोर्ट ट्रस्ट (गोवा) | 50.00 | 25.00 |
| 47. | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट | 37.50 | 18.75 |
| 48. | तेलंगाना | उस्मानिया आर्टस कॉलेज, हैदराबाद, तेलंगाना में प्रकाश व्यवस्था सम्बन्धी परियोजना हेतु केन्द्रीय वित्तीय सहायता | आईटीडीसी | 11.85 | 5.92 |
| 49. | तेलंगाना | हैदराबाद, तेलंगाना में हुसैन सागर झील पर जल स्क्रीन और संगीतमय फव्वारे सहित विश्व स्तरीय मल्टीमीडिया लेजर शो के कार्यान्वयन हेतु परियोजना के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता | आईटीडीसी | 45.37 | 17.19 |
| **वर्ष 2022-23** | | | | | |
| 50. | राजस्थान | श्री तनोट परिसर जैसलमेर सेक्टर, राजस्थान में सीमावर्ती पर्यटक का विकास | बीएसएफ | **17.68** | **1.61** |
| | | | **कुल** | **687.79** | **397.53** |

**आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएम) योजना के तहत मेलों उत्सवों तथा पर्यटन से सम्बन्धित आयोजनों के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता**

**(लाख रु. में)**

| राज्य का नाम | वर्ष | मेलों और त्योहारों के नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 2014-15 | आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में फ्लेमिंगो महोत्सव के आयोजन के लिए सीएफए | 10.00 | 10.00 |
| | | अनंतपुर जिले में लेपाक्षी महोत्सव आयोजित करने के लिए सीएफए | 10.00 | 10.00 |
| | | आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में काकीनाडा समुद्र तट महोत्सव के आयोजन के लिए सीएफए | 10.00 | 10.00 |
| | 2016-17 | आंध्र प्रदेश के अमरावती, विजयवाड़ा, श्रीशैलम में कृष्ण पुष्कर्म के अवसर पर पर्यटन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सीएफए | 25.00 | 25.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| असम | 2016-17 | (i) रास महोत्सव, माजुली (ii) बोडो राष्ट्रीय महोत्सव (iii) रोंगाली महोत्सव के उत्सव के लिए सीएफए | 35.00 | 35.00 |
| | 2018-19 | अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन | 25.00 | 25.00 |
| | | रोंगाली उत्सव का आयोजन | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | भोगली महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2014-15 | न्योकुम महोत्सव का आयोजन | 14.00 | 14.00 |
| | 2015-16 | (i) कामेंग रिवर इको-टूरिज्म फेस्टिवल (ii) मेनचुका एडवेंचर फेस्टिवल और (iii) ऑरेंज फेस्टिवल डांबुक | 30.00 | 30.00 |
| | 2017-18 | (i)तवांग उत्सव<br>(ii) मिन्चुका एडवेंचर फेस्टीवल<br>(iii) संतरा उत्सव, दाम्बुक | 40.00 | 40.00 |
| | 2018-19 | बसर मिलाप 3.0 महोत्सव | 20.00 | 20.00 |
| | 2019-20 | 2019-20 में अरुणाचल प्रदेश राज्य में रिवर ट्राइब एंगलिंग फेस्टिवल -2019 और मियाओ में तितली संगोष्ठी 2019 का आयोजन | 50.00 | 50.00 |
| | 2020-21 | पक्के के लिए पेडल का आयोजन | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | ईस्टरली एसेंस लेडम फेस्टिवल और ऑरेंज फेस्टिवल ऑफ म्यूजिक एंड एडवेंचर | 50.00 | 50.00 |
| बिहार | 2019-20 | (i) सोनपुर मेला और (ii) राजगीर महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| चंडीगढ़ | 2016-17 | मेलों और त्योहारों के लिए सीएफए | 30.00 | 30.00 |
| | 2017-18 | (i) विश्व पर्यटन दिवस<br>(ii) चंडीगढ़ कार्नीवल<br>(iii) रोज उत्सव | 30.00 | 30.00 |
| | 2018-19 | (i) विश्व पर्यटन दिवस<br>(ii) चंडीगढ़ कार्नीवल<br>(iii) रोज उत्सव | 30.00 | 30.00 |
| | 2019-20 | (i) विश्व पर्यटन दिवस<br>(ii) चंडीगढ़ कार्नीवल<br>(iii) रोज उत्सव का आयोजन | 30.00 | 30.00 |
| | 2021-22 | चंडीगढ़ कार्निवल और 50वां चंडीगढ़ रोज फेस्टिवल | 30.00 | 30.00 |
| छत्तीसगढ | 2014-15 | मेले और त्योहारों के लिए सीएफए | 50.00 | 50.00 |
| | 2018-19 | बस्तर दशहरा लोकोत्सव | 10.00 | 10.00 |
| | | राजीम कुम्भ महोत्सव तथा भोराम देव मेला | 15.00 | 15.00 |
| | 2019-20 | राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव | 20.00 | 20.00 |
| गोवा | 2020-21 | कार्निवल महोत्सव और शिग्मो महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2021-22 | कार्निवल महोत्सव और शिग्मो महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| हरियाणा | 2014-15 | 29वां सूरजकुंड शिल्प मेला | 30.00 | 30.00 |
| | 2015-16 | 30वां सूरजकुंड शिल्प मेला | 30.00 | 30.00 |
| | | वार्षिक कपाल मोचन मेला, गीता जयंती उत्सव | 34.50 | 34.50 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | और पिंजौर विरासत महोत्सव | | |
| | 2016-17 | फरीदाबाद, हरियाणा में सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला का 31वां संस्करण | 30.00 | 30.00 |
| | 2017-18 | (1) पिंजौर उत्सव<br>(2)32वें सूरजकुंड मेले का आयोजन | 55.00 | 55.00 |
| | 2018-19 | सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले का आयोजन | 30.00 | 15.00 |
| | 2019-20 | आम मेले का आयोजन | 25.00 | 25.00 |
| | | विरासत उत्सव | 25.00 | 25.00 |
| हिमाचल प्रदेश | 2017-18 | अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा मेला | 25.00 | 25.00 |
| | 2018-19 | अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेला | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा मेला | 25.00 | 25.00 |
| | | शिवरात्रि पर्व | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि उत्सव | 25.00 | 25.00 |
| झारखंड | 2017-18 | इटखोरी महोत्सव के लिए सीएफए | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | भैरवनाथ महोत्सव तथा शरद महोत्सव नेतरहाट का आयोजन | 50.00 | 50.00 |
| कर्नाटक | 2019-20 | हम्पी उत्सव | 25.00 | 25.00 |
| केरल | 2015-16 | अखिल भारतीय शिल्प महोत्सव "सरगोलसाव" | 12.50 | 12.50 |
| | 2016-17 | 64वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी बोट रेस, कोल्लम | 25.00 | 25.00 |
| | 2017-18 | होमस्टे तथा ग्रामीण पर्यटन यात्रा सम्मेलन, एर्नाकुलम/सरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव तथा प्रेजिडेंट ट्राफी बोट रेस | 35.00 | 35.00 |
| | 2018-19 | 66वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | सरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | केरल होम स्टे एंड टूरिज्म सोसाइटी द्वारा होम स्टे और ग्रामीण पर्यटन यात्रा पर संगोष्ठी -2019 का आयोजन | 10.00 | 10.00 |
| | | 67वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | 9वां सरगाल अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| लेह लद्दाख | 2019-20 | लोसर उत्सव | 15.00 | 15.00 |
| मध्य प्रदेश | 2014-15 | मेले, त्यौहार और कार्यक्रम | 33.00 | 33.00 |
| | 2015-16 | मेले और त्यौहार | 19.00 | 19.00 |
| | 2016-17 | पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी और जल महोत्सव, हनुवंतिया | 22.00 | 22.00 |
| | | विश्व पर्यटन दिवस समारोह (ii) शरद उत्सव, भेड़ाघाट (जबलपुर) और (iii) मांडू उत्सव | 20.00 | 20.00 |
| | 2017-18 | (ii) जल महोत्सव, हनुवंतिया<br>(iii) खजुराहो नृत्य महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2018-19 | पचमढ़ी उत्सव और जल महोत्सव | 35.00 | 35.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | 2019-20 | (i) पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी<br>(ii) जल महोत्सव, हनुवंतिया | 50.00 | 50.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | (iii) खजुराहो नृत्य महोत्सव | | |
| | 2020-21 | बैगा ओलंपिक | 20.00 | 20.00 |
| | 2021-22 | (i) पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी<br>(ii) जल महोत्सव, हनुवंतिया<br>(iii) खजुराहो नृत्य महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| मणिपुर | 2014-15 | मणिपुरी महोत्सव और युवा, साहसिक और जल क्रीड़ा उत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2015-16 | मणिपुर संगाई महोत्सव और युवा, साहसिक और जल खेल महोत्सव मणिपुर 2015 | 50.00 | 50.00 |
| | 2016-17 | मणिपुर संगाई महोत्सव, और युवा साहसिक और जल साहसिक खेल उत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2017-18 | मणिपुर संगाई उत्सव 2017 और "यूथ एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स फेस्टीवल 2017" | 50.00 | 50.00 |
| | 2019-20 | (i) संगाई उत्सव<br>(ii) यूथ एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स फेस्टीवल | 50.00 | 50.00 |
| मेघालय | 2016-17 | वांगला नृत्य महोत्सव और नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव | 42.22 | 42.22 |
| | 2017-18 | वांगला नृत्य समारोह -2017, नोंग्क्रेम नृत्य समारोह - 2017 और लासुबॉन समारोह -2017 | 50.00 | 50.00 |
| | 2018-19 | वांगला नृत्य समारोह और नोंग्क्रेम नृत्य समारोह 2018 | 50.00 | 50.00 |
| | 2019-20 | (i) वांगला नृत्य समारोह<br>(ii) नोंग्क्रेम नृत्य समारोह | 50.00 | 50.00 |
| | 2021-22 | (i) वांगला नृत्य<br>(ii) नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| मिजोरम | 2014-15 | एंथुरियम महोत्सव, थलफवंगकुट उत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2015-16 | एंथुरियम महोत्सव और थलफवंगकुट महोत्सव का उत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2017-18 | विंटर फेस्टीवल-2017 तथा चापचर कूट 2018 का आयोजन | 50.00 | 50.00 |
| | 2018-19 | राज्य में 28 फरवरी, 2019 से 1 मार्च, 2019 तक चापचर कुट महोत्सव का आयोजन - 2018-19 | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | सितंबर, 2019 में एंथुरियम महोत्सव और विंटर फेस्टीवल का आयोजन | 50.00 | 50.00 |
| | 2020-21 | एंथुरियम महोत्सव और शीतकालीन महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2021-22 | एंथुरियम महोत्सव और शीतकालीन महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| नागालैंड | 2014-15 | हॉर्नबिल महोत्सव, 2014 का आयोजन | 25.000 | 25.000 |
| | 2016-17 | हॉर्नबिल महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2017-18 | सेक्रेन्नी महोत्सव, हॉर्नबिल फेस्टिवल, रेंगमा में नग्दा महोत्सव का आयोजन | 50.0 | 50.00 |
| | 2019-20 | नागालैंड राज्य में 2019-20 में थुवु-नी मेला, हॉर्नबिल उत्सव और सुखरुनी फेस्टिवल- 2019 का आयोजन | 50.00 | 50.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 2021-22 | हॉर्नबिल महोत्सव और अंगामी का सेक्रेनी महोत्सव | 30.00 | 30.00 |
| पुदुचेरी | 2018-19 | अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव, कराईकल कार्निवल और यनम पीपुल्स फेस्टिवल | 30.00 | 30.00 |
| | | (i) पुदुचेरी में 27वां योग महोत्सव<br>(ii) यनम पीपुल्स फेस्टिवल<br>(iii) कराईकल में कार्निवल महोत्सव | 30.00 | 30.00 |
| पंजाब | 2014-15 | मेला और महोत्सव का आयोजन (श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, खेल मेला किला, लुधियाना) | 30.00 | 30.00 |
| | | मेलों और त्योहारों का आयोजन (अमृतसर में सूफी त्योहार) | 20.00 | 20.00 |
| | 2015-16 | मेलों और त्योहारों का आयोजन (हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, जालंधर और ग्रामीण खेल मेला किला, रायपुर जिला लुधियाना) | 12.50 | 12.50 |
| | | मेले और त्योहारों का आयोजन (मोहाली में सूफी महोत्सव) | 20.00 | 20.00 |
| | 2017-18 | (1) 142वें श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, जालंधर<br>(2) आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला | 20.00 | 20.00 |
| | 2018-19 | सूफी महोत्सव, हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन | 30.00 | 30.00 |
| | | पटियाला हेरिटेज फेस्टिवल | 20.00 | 20.00 |
| | 2019-20 | सूफी त्योहार और होला मोहल्ला महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2021-22 | (i) हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, जालंधर और (ii) श्री आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला | 50.00 | 50.00 |
| राजस्थान | 2014-15 | राजस्थान राज्य में मेले और त्योहार और कार्यक्रमों के उत्सव के लिए सीएफए | 40.00 | 40.00 |
| सिक्किम | 2015-16 | (i) विश्व पर्यटन दिवस, गंगटोक, (ii) सिक्किम विंटर कार्निवल, गंगटोक | 44.00 | 44.00 |
| | 2016-17 | विश्व पर्यटन दिवस, गंगटोक (ii) लाल पांडा शीतकालीन महोत्सव, गंगटोक का उत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2017-18 | (i) रेड पांडा विंटर फेस्टिवल, 2017 गंगटोक (ii) विश्व पर्यटन दिवस, 2017 गंगटोक में मेलों तथा उत्सवों का आयोजन | 50.00 | 50.00 |
| | 2018-19 | विश्व पर्यटन दिवस, लाल पांडा महोत्सव, गंगटोक | 50.00 | 50.00 |
| | 2019-20 | विश्व पर्यटन दिवस, गंगटोक और लाल पांडा शीतकालीन महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2020-21 | रेड पांडा विंटर कार्निवल, जोरेथांग माघी मेला और पेलिंग विंटर टूरिज्म फेस्टिवल | 50.00 | 50.00 |
| | 2021-22 | चेरी टेमी चाय और पर्यटन महोत्सव टेमी चाय बागान दक्षिण सिक्किम खंगचेंदज़ोंगा शीतकालीन कार्निवल महोत्सव जोरेथांग माघी | 50.00 | 50.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | मेला | | |
| त्रिपुरा | 2016-17 | (i) सिपाहीजला जिले के राजघाट, मेलाघर में नीरमहल महोत्सव (ii) गोमती जिले के माबारी, उदयपुर में दिवली महोत्सव (iii) दक्षिण त्रिपुरा के जुलाईबारी संतिरबाजार में पिलक महोत्सव | 18.00 | 18.00 |
| | 2019-20 | (i) खारची मेला नीरमहली<br>(ii) दिवाली मेला | 42.00 | 42.00 |
| | 2020-21 | भारत बांग्ला महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| तमिलनाडु | 2015-16 | तमिलनाडु के मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव का आयोजन | 8.00 | 8.00 |
| | 2016-17 | मामल्लापुरम में इंडिया डांस फेस्टिवल | 25.00 | 25.00 |
| | 2017-18 | मामल्लापुरम में इंडिया डांस फेस्टिवल | 25.00 | 25.00 |
| | 2018-19 | मामल्लापुरम में इंडिया डांस फेस्टिवल | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | भारतीय नृत्य महोत्सव- दिसंबर<br>(i) कुमारी महोत्सव<br>(ii) पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2021-22 | मामल्लापुरम में इंडिया डांस फेस्टिवल | 25.00 | 25.00 |
| तेलंगाना | 2014-15 | वारंगल में काकातीय महोत्सव के आयोजन के लिए सीएफए | 25.00 | 25.00 |
| | | हैदराबाद में गोलकुंडा महोत्सव आयोजित करने के लिए सीएफए | 25.00 | 25.00 |
| | 2017-18 | तीसरा अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव और गोलकुंडा मास्टर्स गोल्फ चैम्पियनशिप | 45.00 | 45.00 |
| | 2018-19 | बथुकम्मा महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | चौथा अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | आयोजन के लिए सीएफए बथुकम्मा महोत्सव और पतंग महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2021-22 | मुनुगु में बथुकम्मा महोत्सव और मेदारम जतारा | 50.00 | 50.00 |
| उत्तराखंड | 2017-18 | योग महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2018-19 | टिहरी महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2019-20 | अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव और टिहरी महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| उत्तर प्रदेश | 2016-17 | गंगा महोत्सव, वाराणसी का आयोजन | 25.00 | 25.00 |
| | | शिल्पोत्सव, नोएडा के उत्सव के लिए सीएफए | 30.00 | 30.00 |
| | 2017-18 | शिल्पोत्सव, नोएडा के लिए सीएफए | 25.00 | 25.00 |
| | | नैमिषारण्य, सीतापुर में सांस्कृतिक/पर्यटन विकास पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन | 25.00 | 25.00 |
| | 2018-19 | शिल्पोत्सव, नोएडा के लिए सीएफए | 30.00 | 30.00 |
| | | ताज महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | गंगा महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | गंगा महोत्सव-वाराणसी,<br>दीपोत्सव, अयोध्या<br>ताज महोत्सव, आगरा | 50.00 | 50.00 |

*****